समाचार

# कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों, वार्डो, बस्तियों को निरंतर किया जा रहा सेनेटाईज

## (होम आईसोलेट परिवारों व उनके पड़ोसियों की मांग पर पहुंच रही निगम की टीम, कर रही सेनेटाईज)

## (निगम द्वारा लगातार किया जा रहा सेनेटाईजेशन कार्य)



कोरबा 27 अप्रैल 2021 –कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करते हुए नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आज भी विभिन्न वार्डो, आवासीय क्षेत्रों, शासकीय कार्यालयों, अस्पतालों व सार्वजनिक स्थानों में सेनेटाईजेशन का कार्य किया गया। निगम के स्वच्छता विभाग के अमले ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर इन सभी स्थानों को सेनेटाईज कराया।

कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के मार्गदर्शन में कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने की दिशा में प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। वहीं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन के दिशा निर्देशन में निगम द्वारा इस दिशा में किए जा रहे अन्य कार्यो के साथ–साथ शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों, अस्पतालों, आवासीय क्षेत्रों, व्यवसायिक परिसरों आदि में सेनेटाईजेशन का कार्य लगातार कराया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला अस्पताल, सी.एम.एच.ओ.कार्यालय एवं विभिन्न अस्पतालों, जनपद कार्यालय, नगर निगम कार्यालय साकेत,निगम  के विभिन्न जोन कार्यालय व विभिन्न सार्वजनिक स्थानों के साथ–साथ वार्ड क्र. 01, 02, 04, 05, 06, 07, 08, 10, 11, 12, 13, 15, 16, 20, 21, 22, 26, 27, 33, 40, 41, 46, 47, 52, 55, 58, आदि वार्डों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसी प्रकार होम आईसोलेट मरीजों, उनके परिजनों अथवा पड़ोसियों

द्वारा दूरभाष पर  सेनेटाईजेशन हेतु किए गए आग्रह के तहत विगत तीन दिवस में 65 आवास स्थलों व परिसरों का सेनेटाईजेशन कराया गया। निगम द्वारा क्षेत्र के सार्वजनिक प्रतिष्ठानों से आग्रह किया गया है कि वे अपने आवासीय कालोनियों तथा उनके आवासीय क्षेत्रों के नजदीक स्थित बस्तियों में सेनेटाईजेशन का कार्य कराएं।